>

Title: Need to undertake construction of Road over-bridge on level crossing Nos. 72-A and 76-A in Chandauli parliamentary Constituency in Uttar Pradesh under Mugalsarai – Gaya Railway Division.

श्री रामकिशुन (चन्दौली): मेरे संसदीय क्षेत्र चन्दौली स्थित पूर्व-मध्य रेलवे के मुगलसराय-गया रेल खण्ड पर समपार संख्या-72/ए तथा 76/ए पर आर.ओ.बी. (सड़क उपरी पुल) का निर्माण कराए जाने की स्वीकृति रेल बजट 2013-14 में शामिल किया गया है। यह आर.ओ.बी. उत्तर प्रदेश राज्य सरकार, डीएफसीसी तथा रेल मंत्रालय की सहभागिता के आधार पर निर्माण होना है। लेकिन अभी तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं कराया जा सका है। स्वीकृति मिलने के बाद अभी तक रेलवे द्वारा सड़क उपरी पुल के निर्माण के लिए इन दोनों स्थानों पर रेलवे द्वारा निर्माण से संबंधित किसी तरह की गतिविधि आरंभ नहीं किए जाने से स्थानीय जनता में रोष व्याप्त है।

अतः भारत सरकार से मेरी मांग है कि जनहित में मुगलसराय-गया रेल खण्ड पर स्थित समपार संख्या-72/ए तथा 76/ए पर आर.ओ.बी. (सड़क उपरी पुल) का निर्माण कराए जाने के लिए धन उपलबध कराते हुए आवश्यक सकारात्मक कदम उठाने हेतु दिशा-निर्देश जारी करने का कार्य रेल मंत्रालय करे जिससे वर्तमान में स्थानीय नागरिकों को हो रही असुविधा से उन्हें राहत दिलाई जा सके।